**ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**
**24, AKBAR ROAD, NEW DELHI**
**COMMUNICATION DEPARTMENT**

**Highlights of Press Briefing** **18 Sep, 2024**

**Shri Mallikarjun Kharge, Congress President & LoP, Rajya Sabha; Shri K.C. Venugopal, MP and General Secretary (Org.); Shri Ajay Maken, MP & Treasurer, AICC; Shri Udai Bhan, President, Haryana PCC; Shri Bhupinder Singh Hooda, Leader of Opposition, Haryana; Shri Pawan Khera, Chairman, Media & Publicity (Communication Deptt), AICC and many senior leaders addressed the media during launch of 'Guarantees for Haryana' at AICC Hdqrs, today.**

**श्री अजय माकन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि** अभी सबसे पहले हम लोग आज सात गारंटीज... अब मैं अनुरोध करूंगा हरियाणा पीसीसी के अध्यक्ष उदय भान जी से कि वो सबका स्वागत करें।

**श्री उदयभान ने कहा-** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के हमारे माननीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी, जनरल सेक्रेटरी ऑर्गनाइजेशन आदरणीय श्री केसी वेणुगोपाल जी, हमारे एआईसीसी के ट्रेजरर आदरणीय श्री अजय माकन जी, हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता राजस्थान से पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व में जनरल सेक्रेटरी ऑर्गनाइजेशन भी रहे आदरणीय श्री अशोक गहलोत जी, पंजाब से हमारे नेता प्रतिपक्ष आदरणीय श्री प्रताप सिंह बाजवा जी, हमारे हरियाणा से पूर्व मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष आदरणीय चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी, हमारे मेनिफेस्टो कमेटी के, जो बहुत हमारे एआईसीसी की तरफ से जिनका बहुत बड़ा योगदान रहा आदरणीय श्री टीएस सिंह देव जी, हमारी मेनिफेस्टो कमेटी की चेयरपर्सन आदरणीय बहन गीता भुक्कल जी, जिन्होंने बहुत ही लंबे समय तक पूरे देश भर के सभी मेनिफेस्टो की चर्चा करके, न्याय चौपालें लगाकर के, मेनिफेस्टो कमेटी की सब कमेटियां बुलाकर के और सब लोगों का एक खुले रूप से, बक्सा रखकर के, उनके सुझाव लेकर के बहुत लंबा समय लगाकर मेहनत की उन्होंने मेनिफेस्टो कमेटी के लिए, उसमें से अभी जो आज हम जो गांरटी हैं, सात जो वायदे हैं, आज उनके बारे में हम चर्चा करेंगे।

आपको पता है कि जब कांग्रेस पार्टी का शासन था, चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी मुख्यमंत्री थे, तो पूरे हरियाणा प्रदेश के अंदर खेल में, कृषि में, इंफ्रास्ट्रक्चर में, प्रति व्यक्ति आय में, प्रति व्यक्ति निवेश में हरियाणा नंबर एक पर था, जो पिछले 10 सालों में अब कहीं 14वे नंबर पर, कहीं 15वे, कहीं 17वे नंबर पर है इन सारे बिन्दुओं पर। कांग्रेस पार्टी हरियाणा को फिर से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खेल, उद्योग, महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा में नंबर एक बनाएगी, यह कांग्रेस ने संकल्प लिया है। लोक सभा चुनाव 2024 में हरियाणा के लोगों ने भाजपा को करारा जवाब देकर एक जनहितैशी पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इस संकल्प पत्र में भाजपा द्वारा 10 वर्षों तक सताए हुए हर वर्ग के लिए एक गांरटी है, जिसे कांग्रेस पूरा करने का वायदा करती है।

कांग्रेस के हरियाणा से सात वायदे, पक्के इरादेः-

1. महिलाओं को शक्ति - बीजेपी के शासन में हरियाणा देश में अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध और डकैती में नंबर एक, बलात्कार में नंबर दो और हत्याओं में नंबर तीन पर है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक एवरेज चार से पांच मर्डर प्रतिदिन, पांच बलात्कार, 13 अपहरण, 46 महिलाओं के प्रति अपराध, 96 प्रतिशत शेड्यूल कास्ट के प्रति अपराध बढ़े हैं इस शासन में। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस सभी महिलाओं को 2,000 रुपए प्रतिमाह देगी, 18 वर्ष से 60 वर्ष तक, 60 के बाद में वृद्धावस्था पेंशन शुरू हो जाती है। 2,000 रुपए प्रतिमाह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए देगी। बीजेपी के शासन में सिलेंडर की कीमत 1,000 रुपए तक पहुंच गई और पेट्रोल 100 रुपए लीटर हो गया। महिलाओं के कष्टों को कम करने के लिए और महंगाई के बोझ से राहत देने के लिए हम सभी महिलाओं को 500 रुपए में गैस-सिलेंडर देंगे।
2. सामाजिक सुरक्षा को बल - बीजेपी ने और जेजेपी ने बुजुर्गों को 5,100 रुपए पेंशन देने का वायदा किया था, लेकिन वह इस वायदे को पूरा नहीं कर सके। लोगों की कठिनाई को कम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। कांग्रेस बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को 6,000 रुपए पेंशन देगी। सरकारी कर्मचारियों के सेवा-निवृत होने के बाद की जिंदगी को आसान बनाने के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाएगा।

3. युवाओं को सुरक्षित भविष्य - हरियाणा की बेरोजगारी दर 37 प्रतिशत तक पहुंच गई है, फिर भी बीजेपी सरकार के कार्यकाल के दौरान दो लाख सरकारी पद जो सैंक्शंड हैं, वह खाली रहे और उन्होंने इन पदों को नहीं भरा। युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने और बेरोजगारी को समाप्त करने के लिए हम दो लाख खाली सरकारी पदों को जल्द से जल्द भरेंगे। हरियाणा ने पंजाब को नशे से हुई मौतों में पीछे छोड़ दिया है। राज्य में 15 लाख लोग नशे की लत से प्रभावित हैं। कांग्रेस हरियाणा को नशा मुक्त बनाएगी।

4. हर परिवार को खुशहाली - बीजेपी सरकार के कार्यकाल में गरीबों को आयुष्मान योजना के नाम पर सिर्फ धोखा मिला है। बीमारी के कारण स्वास्थ्य के खर्च का बोझ कम करने के लिए कांग्रेस राजस्थान सरकार की, जो माननीय अशोक गहलोत जी की योजना थी चिरंजीवी योजना, उसी के अनुसार, उसी के अनुरूप कांग्रेस 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज प्रदान करेगी। महंगाई और बढ़ते बिजली के दामों से राहत देने के लिए हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी।

5. गरीबों को छत - हरियाणा में 14 लाख परिवारों के पास पक्का घर नहीं है। दलित बस्तियों की दयनीय स्थिति के बावजूद भाजपा ने कांग्रेस की योजना को बंद कर दिया, जिसमें गरीब, एससी और बीसी परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट दिए जाते थे, गरीबों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए। इसके संदर्भ में मैं कहना चाहूंगा कि आदरणीय हुड्डा साहब जब मुख्यमंत्री थे, आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी झज्जर गई थीं और उनके अनुरूप सभी गरीबों को 100-100 गज के प्लॉट देने की योजना बनी थी और उसमें 3,92,000 प्लॉट दे दिए गए थे। 7 लाख प्लॉट देने थे, बाकी जो प्लॉट 100-100 गज के प्लॉट और उन पर 3,50,000 रुपए की लागत से दो कमरों का मकान हम गरीबों को बनाने का, देने का काम करेंगे।

6. किसानों को समृद्धि - भाजपा कार्यकाल में पुलिस ने एमएसपी की मांग करने वाले किसानों पर लाठी और गोलियां चलाईं। 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' पोर्टल ने किसानों की जिंदगी को दयनीय बना दिया है। फसलों पर एमएसपी तो दूर की बात, किसानों को उचित मूल्य भी नहीं मिल रहा। कांग्रेस किसानों के लिए

एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करेगी। देश के अन्नदाताओं को तत्काल फसल मुआवजा प्रदान किया जाएगा, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

7. पिछड़ों को अधिकार - बीजेपी ने, ओबीसी की क्रीमी लेयर की सीमा 8 लाख से घटाकर 6 लाख कर दी थी। कांग्रेस की सरकार में 8 लाख थी क्रीमी लेयर, वह उन्होने 6 लाख कर दी थी, जिससे बहुत से वंचित रह गए एडमिशन में भी और सर्विसेस में भी। एचकेआरएन (Haryana Kaushal Rojgar Nigam Limited, HKRN) के माध्यम से पिछड़ी जातियों को दबाने और उनको अधिकारों से वंचित रखने के लिए आरक्षण को खत्म किया गया। एचकेआरन में कोई आरक्षण नहीं है, कोई भी मेरिट नहीं है। यह कहते हैं सवा लाख से ज्यादा लगा दिए, लेकिन उसमें पूरी तरह से संविधान के विरोध में और इस तरह की बातें हुई हैं। संसाधनों का बेहतर वितरण सुनिश्चित करने और पिछड़ी जातियों को उनका उचित हिस्सा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए जाति सर्वे कराया जाएगा। क्रीमी लेयर की सीमा को छह लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जाएगा।

संकल्प पत्र अभियान के बारे में, कांग्रेस घोषणा पत्र को लोगों तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी घर-घर अभियान चलाएगी, जिसे सभी वर्गों की समस्याओं को केंद्र में रखकर बनाया गया है। 'कांग्रेस के सात वायदे, पक्के इरादे' हरियाणा के कोने-कोने तक जाएंगे। नूह से यमुनानगर और सिरसा से करनाल तक दलित और पिछड़ा वर्ग की विभिन्न बैठकें आयोजित की जाएंगी, जो कांग्रेस के हर वर्ग को सम्मान देने का प्रमाण है। हरियाणा में बदलाव की लहर है, हर एक हरियाणवी ने भाजपा के शासन को नकार कांग्रेस को समर्थन देने की ठान ली है। सात वायदे, पक्के इरादे बस एक शुरुआत है। यह सात वायदे सिर्फ शुरुआत है और हरियाणा के विकास के लिए कांग्रेस का विजन है। इस संकल्प पत्र में भाजपा द्वारा प्रताड़ित हर वर्ग के लिए एक संकल्प निर्धारित है, जिसे कांग्रेस पूरा करने का वचन देती है। हम बीजेपी के कार्यकाल में हुए कुशासन को जड़ से मिटाकर, सुशासन स्थापित करेंगे और नागरिकों को एक अच्छा जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस बार हरियाणा जानता है कि उसके लिए अच्छा क्या है और सभी वर्गों के समर्थन से कांग्रेस सत्ता में आएगी और सबका कल्याण सुनिश्चित करेगी। हम हरियाणा को

शिक्षा, महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खेल और उद्योग में फिर से नंबर एक बनाने का संकल्प लेते हैं। इन्हीं के साथ आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री अजय माकन ने कहा -** धन्यवाद उदय भान जी। अब मैं अनुरोध करूंगा हमारे कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खरगे साहब से कि वह सात गारंटी के बारे में आप सब लोगों के बीच में उनके पॉइंट्स को हाईलाइट करें और बताएं कि किस प्रकार से हरियाणा की जनता का भला आगे आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार करेगी।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि** अजय माकन जी, केसी वेणुगोपाल जी, अशोक गहलोत जी, भूपेंद्र हुड्डा जी, उदय भान जी, प्रताप सिंह बाजवा जी, टीएस सिंह देव जी और गीता भुक्कल जी, सारे हमारे साथियो और सारे प्रेस के मेरे दोस्तों, आप सभी को मेरा नमस्कार और आज हम जो सात गारंटी जो हरियाणा सरकार की ओर से अनाउंस कर रहे हैं, उस गारंटी को हम लागू करेंगे और इसलिए हम इन गारंटी का नाम रखा है- 'सात वायदे-पक्के इरादे'।

तो जो ये सात वायदे हैं, उसके अलावा भी हमारे मेनिफेस्टो में जो हमारे कम से कम 53 पेज का मेनिफेस्टो है, वो तो बाद में डिटेल चंडीगढ़ में आपको बताएंगे। लेकिन ये जो वायदे हैं, हम इनको पक्का निभाएंगे, इसके लिए आज एआईसीसी ऑफिस से ये घोषणा कर रहे हैं।

जैसे कि पूर्व वक्ता ने अपने इस प्वाइंट को बताया है, लेकिन मैं उतनी तफ़सील में नहीं जाता हूं, लेकिन मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि हमारे सात प्वाइंट जो हैं, सात वायदे जो हैं, उनका हमने खासकर सात वर्ग में उसका बंटवारा किया है-

एक तो महिलाओं को शक्ति, हर महीने 2,000 रुपए देने का हम वायदा कर रहे हैं और 2,000 रुपए हम देकर रहेंगे हमारी सरकार आने के बाद।

500 रुपए गैस सिलेंडर के लिए हम देंगे और मोदी जी की सरकार बढ़ाती जाती है, लेकिन हम उसको घटाते जाएंगे।

दूसरा है सामाजिक सुरक्षा को बल। जैसे कि बुढ़ापा पेंशन है, दिव्यांग पेंशन है, विधवा पेंशन है और ओल्ड पेंशन स्कीम, इसको हम पूरा अनुष्ठान में लाएंगे, उसको इंप्लिमेंट करेंगे और जिसके आंकड़े उन्होंने बताए कि बुढ़ापा पेंशन 6,000 रुपए, दिव्यांग को

6,000 रुपए, विधवा पेंशन 6,000 रुपए और ओपीएस जो भी स्कीम है, जो भी योजना है, उसके तहत मिलेगी।

तीसरा वायदा है, युवाओं को सुरक्षित भविष्य। भर्ती विधान के तहत दो लाख पक्की नौकरी युवाओं को हम देंगे, क्योंकि इतनी सरकारी नौकरियां खाली हैं, वो कोई सरकार भर्ती नहीं कर रहे हैं। देश में हमने इससे पहले भी कहा कि सिर्फ सेंट्रल गवर्मेंट में कम से कम 30-35 लाख वैकेंसी है, सेंट्रल गवर्मेंट भर नहीं रही है और हर स्टेट में जितनी सरकारी नौकरी हैं, वो भर्ती इसलिए नहीं कर रहे हैं कि केंद्र सरकार के पास तनख्वाह देने के लिए पैसा नहीं हैं और ये जो युवाओं को हम नौकरी का वायदा कर रहे हैं, इसको हम निभाएंगे।

हर परिवार को खुशहाली की तरफ जाने के लिए 300 यूनिट की फ्री बिजली और 25 लाख तक मुफ्त इलाज, जैसा कि हमारे गहलोत भाई ने राजस्थान में शुरु किया था, वैसे ही आज फिर हम हरियाणा में यही लागू करेंगे। तो ये दोनों भी, फ्री बिजली और मुफ्त इलाज, ये बहुत ही पक्का है और गरीबों को इससे बहुत फायदा होगा, किसानों को भी फायदा होगा।

हमारा पांचवा जो है, गरीबों को छत, 100 गज का प्लाट और 3.5 लाख की लागत से दो कमरों का मकान। तो ये देखिए जरा ये कम होता है, दो कमरों का क्या करना, उसके लिए बाद में सोचिए, क्योंकि पकाना किधर, सोना किधर, कम से कम एक किचन अगर रहा, उसको एड कर दीजिए। ठीक है, लेकिन देखिए, मैं तो फिर वायदा नहीं करता, आपने अपने बजट को देखकर ये वायदे किए हैं, इसलिए जब आपकी हालत सुधरेगी, तब उस पर विचार कीजिए।

फिर किसानों को समृद्धि, ये तो आप सभी को मालूम है, हम भी लड़ रहे हैं, राहुल गांधी जी भी एमएसपी के लिए बहुत लड़े, अभी भी लड़ रहे हैं। इसके अलावा एमएसपी की जो कानूनी गारंटी है, उसके लिए हमने पार्लियामेंट चुनाव में भी वायदा किया था, हमारी हरियाणा के कांग्रेस कमेटी के आज के नेता लोग भी इस हरियाणा कांग्रेस के संकल्प पत्र में ये लिखा गया है, तो इस एमएसपी गारंटी का भी वो काम करेंगे।

आखिरी में पिछड़ों को अधिकार, जातिगत सर्वे, जनगणना करने की बात, हमने ये पार्लियामेंट में भी उठाई थी और पार्लियामेंट के चुनाव में भी हमने इसका प्रचार किया।

उसी ढंग से यहाँ पर जो हमारे हरियाणा मे इसको जाति जनगणना की पूरी उन्होंने कोशिश करके जाति जनगणना इसलिए करेंगे क्योंकि हर कम्युनिटी के लोगों को, हर जाति के लोगों को, वो कहाँ खड़े हैं, वेलफेयर स्कीम में उनका कहाँ स्थान है, इनकम में क्या है, शिक्षण में क्या है, नौकरियों में क्या है, ये हर चीज अगर आपको मालूम होनी है, तो ये जाति जनगणना जरूरी है। इसलिए वो काम हमारे हरियाणा की कांग्रेस पार्टी कर रही है और ये वायदा इन्होंने किया है और इसको हम अमल में लाएंगे।

इसके सिवाए, जो आप सबके समक्ष हरियाणा एक बहुत ही प्रॉस्परस स्टेट था, उसको इन्होंने इस केंद्र सरकार के इशारे पर चलने वाली राज्य सरकार ने इसको बर्बाद किया और वहाँ पर आज नशे के बहुत केस हो रहे हैं, सुसाइड हो रहे हैं और यहाँ तक कि जो सबसे नंबर वन स्टेट माना जाता था हिंदुस्तान में, इसको खराब करने में अगर किसी का हाथ है तो वो बीजेपी सरकार का और खासकर मोदी जी जो हमेशा पीछे से चलता है। थोड़े दिन मैं रेलवे में मिनिस्टर था, कभी-कभी ये इंजन दो लगाते हैं, एक आगे, एक पीछे। आगे को लेकर चलता है, अगर कहीं रुक गया, फिर पीछे आना है, तो डेमो इंजन लगता है, वो पीछे लेकर भी जाता है। तो वैसे इनके पास दो डबल इंजन सरकार है। एक आगे लेकर जाती है, फिर बाद में दूसरा पीछे लाती है।

तो ऐसी ये सरकार है, तो इनके साथ अगर जो इनकी कमियां हैं, उनको दूर करना है, तो आज कांग्रेस पार्टी को मौका जनता देने के लिए तैयार है और वो मौका लेने का हमारे कांग्रेस पार्टी के नेताओं के हाथ में है। तो इसलिए ये मेरा वायदा है कि हमारी सरकार आए और ये जो सात वायदे पक्के इरादे से हम कर रहे हैं, वो जरूर अनुष्ठान में हम लाएंगे। उसके अलावा दस साल में इन्होंने जो बर्बाद किया 2014 से लेकर 2024 तक, उसको रिपेयर करना, थोड़ी देर लगती है, फिर भी हम एक्सप्रेस इंजन लगाएंगे। ये लोग डबल इंजन बोले तो धीरे-धीरे किया होगा, इसलिए आज बर्बाद हुआ है। आज है भ्रष्टाचार, रिकॉर्ड बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, अराजकता, इन सबसे घिरा हुआ हरियाणा बना है, इसको हम दुरुस्त करेंगे और जो 14 साल पूर्व मुख्यमंत्री थे हरियाणा के, वो दिखे नहीं कहाँ हैं, साढ़े नौ साल। ठीक है बीच में निकाले, दूसरों को लाए, साढ़े नौ साल, लेकिन वो दिखे नहीं बेचारे, कहाँ रखे, क्या नहीं। यहाँ कम से कम यहाँ तो दिख रहा है, लेकिन उनको पीछे हटाया गया। इसलिए हटाया गया क्योंकि वो काम नहीं कर सके, ये फेलियर की निशानी है। अगर अच्छा काम कोई करता है, अगर इलेक्शन में दो-चार महीने रहता है, तो कोई हटाता है। तो ये पहला उदाहरण है और 6 महीने में आकर

कोई तीर नहीं मारता। वो भी फिर मोदी जी की तरफ देखेगा और रोज जाकर हाथ मिलाता है, सिर झुकाता है, रोज जाकर बात करता है, तो उन्हीं को उनका आशीर्वाद मिलता है।

ये सब बातें आपको मालूम हैं और आज जो हमारी पार्टी में जरा जिसमें जान आई है, वो खासकर हमारे राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा, ये हमारा जनता से डायरेक्ट संपर्क रहने की वजह से, जनता से मिलने की वजह से और कन्याकुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से महाराष्ट्र तक जो उन्होंने दौरा किया, वो लोगों को डायरेक्टली मिलने के लिए किया। लेकिन आज बीजेपी की सरकार जनता से डायरेक्टली मिलती नहीं है, वो सिर्फ दूरदर्शन करती है और सिलेक्टेड चंद 10-20 लोगों में मोदी जी ठहरते हैं, बेटा तुम क्या कर रहे हो, कहाँ से हो, उतना फोटो आप देखेंगे। जाओ भाई, पैदल आप भी जाओ, आप तो बहुत बोलते हो कि मैं प्रचारक हूं, वो हूं, ये हूं, तो जा सकते हैं लोगों में, हजारों-लाखों की भीड़ में नहीं जाते हैं और हजार लोग कहाँ हैं, वहाँ भी नहीं मिलते। जिनको जितना सिलेक्टेड होना है, उनसे मिलते हैं, सिलेक्टेड प्रेस से मिलते हैं, सिलेक्टेड जर्नलिस्ट से मिलते हैं। आप लोग कितने गए हैं, मुझे मालूम नहीं, थोड़े कुछ गए होंगे, लेकिन बाकी के लोग तो दूरदर्शन लेते हैं, दूर से ही उनका दर्शन लेना।

तो ये हालत उन्होंने बना कर रखी है। लेकिन आज जो हम वायदे कर रहे हैं, इसके अलावा भी हम ये जो किसान आंदोलन हुआ, जो तीन काले कानूनों के लिए लोग लड़े और जो शहीद हो गए, उन शहीदों के लिए एक बहुत बड़ा स्मारक हरियाणा में बनाएंगे और वहाँ के जितने भी किसान लोग हैं, जिन्होंने अपनी जान दी है, शहीद हो गए हैं, उनको भी, उनके बच्चों को नौकरी देने का वायदा हमारी सरकार ने किया है। इसके अलावा भी एक और खुशखबरी है, आप बोलेंगे कि आप दिल्ली में रहने से हमें नहीं मिला है, लेकिन क्या कर सकते हैं उन्होंने हरियाणा के लिए किया है। पत्रकारों का कल्याण भी हमारे एजेंडा में है और उनके लिए हम कैशलेस इलाज की सुविधा दे रहे हैं, इसके साथ पेंशन में वृद्धि करेंगे। ये वायदा आपके भाईयो के लिए है, जो हरियाणा में रहते हैं। तो ये ऐसा कोई वायदा किसी और ने नहीं किया। ये बहुत बड़ी देन, गिफ्ट हमारी हरियाणा सरकार की तरफ से, ये ऐसी बहुत सी चीजें हैं, तो मैं सारी गहराई में जाना नहीं चाहता, लेकिन सभी के कल्याण के लिए बहुत सी चीजें अभी आपको अपने इलेक्शन मेनिफेस्टो में मिलेंगी। लेकिन आपके लिए आज के लिए जो सात वायदे हैं

और बाकी की जो भी चीजें है, तो हम खासकर इसकी घोषणा यहाँ कर रहे हैं। इसके लिए आप लोग आए, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि शोर्ट नोटिस में आपने अपनी अटेंडस को यहाँ पर दिखाया।

**श्री अजय माकन ने कहा-** बहुत-बहुत धन्यवाद। अब मैं अनुरोध करुंगा भूपेंद्र हुड्डा जी से कि वो धन्यवाद करें और उसके बाद में पवन खेड़ा जी से निवेदन करुंगा कि वो आएं और केवल पांच क्योशन पूछेंगे तो उसको वो कंडक्ट करेंगे। अब भूपेंद्र हुड्डा जी सबका धन्यवाद करेंगे।

**श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा-** धन्यवाद। आदरणीय कांग्रेस अध्यक्ष खरगे साहब, वेणुगोपाल जी, अजय माकन जी, अशोक गहलोत जी, प्रताप बाजवा जी, हमारे यहां हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदय भान जी, हमारी मेनिफेस्टो कमेटी की चेयर पर्सन गीता जी, टीएस सिंह देव जी व उपस्थित सभी पत्रकार, छायाकार साथियों। देखिए, बात तफसील से बताई हमारे कांग्रेस अध्यक्ष जी ने, सबसे पहले तो मैं आभार व्यक्त करता हूं कांग्रेस अध्यक्ष जी का, उन्होंने समय निकाला और यह उन्होंने खुद स्वयं पढ़ा, जो हमारा मेनिफेस्टो तैयार हो रहा है और यहां पर आज इन्होंने सात गारंटी का जो है यह रिलीज किया।

जब हरियाणा 1966 में बना, इंदिरा जी ने बनाया, तो यह सवाल उठे थे कि क्या आर्थिक तौर पर हरियाणा अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है, नहीं खड़ा हो सकता है, लेकिन जैसे-जैसे इंदिरा जी, राजीव जी के समय में, फिर अपना नरसिम्हा राव जी के टाइम में, डॉ॰ मनमोहन सिंह जी के टाइम में सोनिया जी अध्यक्ष थीं। तो हरियाणा ने बहुत प्रगति की और 2014 में जब हमने, कांग्रेस ने सरकार छोड़ी, तो हरियाणा बड़ी स्टेटों में प्रति व्यक्ति आय में, प्रति व्यक्ति निवेश में, नौकरी देने में, कानून व्यवस्था में, खेल और खिलाड़ियों में नंबर एक था, लेकिन अभी पिछले 10 साल के राज में बीजेपी और जेजेपी की सरकार में हरियाणा नंबर एक बेरोजगारी में हो गया, महंगाई में हो गया, अपराध में बहुत बढ़ गया और खेल-खिलाड़ियों की तो आपने देखा कि हमारी पहलवान बेटियों को किस तरह से जंतर-मंतर पर घसीटा गया। आज तक भी उनको न्याय नहीं मिला।

तो मैं इन शब्दों से कहना चाहता हूं अध्यक्ष जी को, अध्यक्ष जी आपके नेतृत्व में और राहुल जी के नेतृत्व में हम आपसे वायदा कर रहे हरियाणा कांग्रेस की तरफ से कि एक अच्छी सरकार बनाएंगे, जो आपने रिलीज किया है, यह हम लागू करवाएंगे कांग्रेस की

सरकार बनके और हरियाणा को फिर से नंबर एक बनाने का कार्य आपके नेतृत्व में और राहुल जी के नेतृत्व में हम करेंगे। इन्हीं शब्दों साथ मैं फिर से सब साथियों का, खास तौर पर हमारे टीएस सिंह देव जी का, हमारी गीता जी का, बहुत मेहनत की, अध्यक्ष जी का, बहुत मेहनत से जो है मेनिफेस्टो तैयार किया है और सब अध्ययन करके किया है। तो इस वास्ते मैं आप सबका भी धन्यवाद बाद करता हूं, आपका भी करता हूं और अध्यक्ष जी का फिर से धन्यवाद करता हूं, इन्होंने इतना समय दिया। यहां तो अभी आधा घंटा दिया, लेकिन मैनिफेस्टो में पूरा समय दिया इन्होंने, एक-एक लाइन पढ़ी इन्होंने, तो यह समय देने के लिए मैं फिर से इनका आभार व्यक्त करता हूं।

**श्री पवन खेड़ा ने कहा-** साथियों, तीन मिनट का हमारा एक कैंपेन सॉन्ग एंथम है। पहले मैं आग्रह करूंगा कि उसे चलाया जाए, उसके बाद आगे बढ़ाते हैं।

**(कैंपेन सॉन्ग चलाया गया)**

**एक प्रश्न पर कि क्या आप लोग इस चुनाव में इस मेनिफेस्टो के साथ-साथ सीएम चेहरा भी लेकर जाएंगे, कौन होगा सीएम चेहरा? श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि** कांग्रेस पार्टी में हमेशा चुनाव होने के बाद जो एमएलए चुन कर आते हैं, वो लोग तय करते हैं कि किसको चीफ मिनिस्टर बनाना है। तो ये बात अब नहीं आती है और हम हर जगह ऐसे ही करते हैं। ये कोई नया हमने सिस्टम नहीं शुरु किया, जो काम करता है, उसको मिल ही जाता है, लेकिन एमएलए लोग तय करते हैं, जो चुनाव जीत कर आते हैं। तो ये हमारा पहले से सिस्टम है।

**एक अन्य प्रश्न पर कि आज बीजेपी का भी मेनिफेस्टो रिलीज होना था, क्या वजह है कि उन्होंने टाल दिया और क्या हरियाणा के मेनिफेस्टो को बनाने में अलग-अलग समुदाय से बात हुई है? श्रीमती गीता भुक्कल ने कहा कि** हमने हरियाणा का मेनिफेस्टो बनाने के लिए जिस प्रकार से हमारा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का मेनिफेस्टो बना था, सभी के बीच में जाकर जनता की आवाज को सुना, उनकी बातों को सुना। हमने अलग-अलग करीबन 17-18 कमेटी बनाई और उन सब कमेटी में हमने कम से कम 20-20, 25-25 से ज्यादा मेंबर रखे और उसको हमने न्याय चौपाल का नाम दिया - नारी न्याय चौपाल, युवाओं का न्याय चौपाल, महिलाओं का न्याय चौपाल, झुग्गी-झोपड़ी का, मिडिल क्लास न्याय चौपाल, एससी का न्याय चौपाल, घुमंतू जाति, इस तरह से सभी वर्गों की,

किसानों की न्याय चौपाल, बेरोजगार युवाओं की न्याय चौपाल, हरियाणा के विभिन्न जगह पर जाकर अलग-अलग जिलों में हमारे जनरल सेक्रेटरी इंचार्ज आदरणीय दीपक बाबरिया जी ने भी इसमें हमारा पूरा मार्गदर्शन किया और पूरा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की तर्ज पर ही आदरणीय चौधरी भूपेंद्र हुड्डा जी ने और हमारी पार्टी के अध्यक्ष जी ने हमने सबने मिलकर हरियाणा के विभिन्न जिलों में जाकर अलग-अलग कॉलोनी में और सभी से बातचीत करने के बाद उनके सुझाव लिए और हमारे पास हजारों की, हजारों की संख्या में जो सभी के सुझाव आए और कुछ संगठनों के भी सुझाव आए, हमने उनके बातचीत करने के बाद ही अपना जो घोषणा पत्र है, वो जनता के समक्ष और आदरणीय हमारे अध्यक्ष जी, आदरणीय मल्लिकार्जुन खरगे जी ने आज आपके समक्ष गारंटी के साथ रखा है।

**एक अन्य प्रश्न पर कि ये गारंटी में आपने कास्ट सर्वे का भी जिक्र किया है, क्या जैसे बिहार में करवाया था, उस तरह होगा और आगे क्या स्टेप लेंगे उस सर्वे के बाद? श्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि** देखिए, ये कास्ट सर्वे खुद राहुल जी ने भी और हमारा सेंटर का मेनिफेस्टो था, उसमें भी था और हम इसी प्रकार स्टेट में भी कास्ट सर्वे कराएंगे, ताकि जिसका जितना अधिकार है, उसको उतना अधिकार मिले।

**एक अन्य प्रश्न पर कि राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता ऐसी-ऐसी बातें कर रहे हैं, जिनके खिलाफ आपको एफआईआर दर्ज करनी पड़ी, आपने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी, अभी तक कोई कार्रवाई हुई नहीं है, क्या कहेंगे? श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि** कार्रवाई करने के लिए ही आज हमारी पार्टी के ट्रेजरार अजय माकन जी ने वो कंप्लेंट दी है और उस कंप्लेंट में आगे क्या कार्रवाई होगी, मोदी जी किस ढंग से और शाह उसको कैसे लेंगे, हमको देखना है। उसके अलावा मैंने खुद कल मोदी को पत्र लिखा, जिसमें तीन-चार चीजें मैंने बताई। जैसे कि महाराष्ट्र में किसी ने कहा - जुबान काटने का और 11 लाख रुपए घोषणा की और किसी ने कहा, जो हादसा, जो इंदिरा गांधी जी का हश्र हुआ, उसी तरीके से आपका भी होगा और किसी ने कहा कि यहाँ के हमारे यूपी के, उन्होंने वो भी वैसा ही कहा कि टेररिस्ट, नंबर वन टेररिस्ट हैं, वो पंजाब से ही आए हैं। तो ऐसी चीजें बोलकर खुद वो लोग देश के माहौल को बिगाड़ रहे हैं और जो लोग माहौल बिगाड़ते हैं, अगर कल कुछ हादसा हुआ देश में और इस बात को लेकर हर लोग चिंतित है, देश बड़ा है, देश के लिए सोचो, वो आज सब मिलकर हर चीज राहुल गांधी। क्या उनको फ्रीडम नहीं है, अमेरिका में जाते हैं, कुछ अपने विचार रखते हैं, तो

उनको क्रिटिसाइज करते हो। यूके में जाते हैं, तो कुछ अपने विचार रखते हैं, तो यहाँ तो तुम डेमोक्रेसी का सत्यानाश कर रहे हो और ऊपर से बोल रहे हो कि देश के बाहर जाकर जो बात करते हैं, वो देशद्रोही हैं। मैं पूछता हूं मोदी साहब खुद ये दस साल में इतनी बार बाहर गए, हमेशा कांग्रेस को गालियां देते आए हैं। चाहे वो कोरिया हो, चाहे वो यूएई हो, चाहे यूके हो, चाहे यूएस हो, हर जगह जहाँ भी गए। अरे भाई, आपके पास एक ही मुद्दा था। आप हमें सबक सिखा रहे हो, हमारे लोग तो डेमोक्रेसी बचाने के लिए और डेमोक्रेसी की बातें दुनिया में हर लोग रखते हैं और दुनिया के जितने भी बड़े-बड़े नेता यहाँ आते हैं, डेमोक्रेसी के बारे में ही पूछते हैं, कैसा चल रहा है, क्या चल रहा है, लेकिन इन्होंने होना बोलकर राहुल गांधी जी को टारगेट करके, कांग्रेस पार्टी को टारगेट करके ये बात कर रहे हैं। हम चलने नहीं देंगे और यूं हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं, हम डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं, उनका मुकाबला करते रहेंगे।

**एक अन्य प्रश्न पर कि ओल्ड पेंशन बहाली को लेकर हिमाचल में बहुत समस्याएं आई हैं, तो हरियाणा में इसको लेकर क्या फार्मूला होगा? श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि** देखो, वो सारी चीजें अभी आपको बताई हमारी गीता जी ने कि ये छानबीन करके ही हमारा बजट क्या है, रिसोर्सेज कितने हैं और इन रिसोर्सेज में कौन से-कौन से कार्यक्रम हम ले सकते हैं। ये सारी चीजों की छानबीन होने के बाद ही इस अपोनियन पर आए हैं कि हम ओल्ड पेंशन स्कीम जारी कर सकते हैं, इसलिए हम जारी करेंगे।

**एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि** ये देखिए ये प्रैक्टिकल नहीं है और ये चलने वाला नहीं है। ये सिर्फ चुनाव जब आते हैं, कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है उनको, ऐसी चीजें बात करने के लिए, इशू को डाइवर्ट करने के लिए वो बात करते हैं, इसलिए कोई देश के लोग इसको मानने वाले भी नहीं हैं।

**Sd/-**

**Secretary**
**Communication Deptt.**
**AICC**